RAF SECTOR

NEWS CLIP

18/11/18

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Nav Bharat (Raipur,CG)

शहर के चौराहों पर रेपिड ऐक्शन फोर्स तैनात

रायपुर। विधानसभा चुनाव 2018 के दूसरे चरण के लिए प्रशासन ने सुरक्षा तगड़ी व्यवस्था कर रखी है इसके अन्तर्गत शहर के अंदर तथा बाहर जाने या आने वाले वाहनों को बारीकी से चेक किया जा रहा है जिसका उद्देश्य किसी भी गैर कानूनी सामान को पकड़ा जाय ताकि दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से पूरा हो सके इसके लिए शासन के द्वारा शहर के विभिन्न चौराहों पर जैसे अग्रसेन चौक, बोरिया खुर्द, शांति सरोवर विधानसभा रोड और श्रीराम चौक आदि चौराहों पर वाहनों की चेकिंग के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट के अलावा स्थानीय पुलिस और डी/194 बट रेपिड ऐक्शन फोर्स के जवान तैनात किए गए हैं जिसमें आर ए एफ के अधिकारी और जवानों के द्वारा उक्त ड्यूटी को बखूबी के साथ निर्वाहन कर रहे है विदित हो कि आर ए एफ दंगा नियंत्रण के लिए विशेष फोर्स है जो कि कम से कम बल का इस्तेमाल कर त्वरित कार्रवाई करने के सिद्धान्त पर कार्य करता है।

Prabhat Khabar (Jamshedpur,JKD)

रैफ ने की काली मंदिर की साफ- सफाई

नरवा. सुंदरनगर द्रुत कार्य बल (रैफ) 106 बटालियन के कमांडेंट पीके सिंह के आदेशानुसार द्वितीय कमांड अधिकारी बिनोद कुमार के नेतृत्व व उप कमांडेंट संतोष सिंह मुंडा तथा विजय भूषण गोप की देख रेख में जवानों ने गोलपहाड़ी काली मंदिर के आस-पास साफ-सफाई की एवं ब्लिचिंग पावडर का भी छिड़काव किया. मालूम हो कि स्वच्छ अभियान के तहत रैफ 106 बीएन लगातार स्वच्छता की ओर कदम बढ़ा रही है. लोगों को स्वच्छता के प्रति ध्यानाकृष्ट एवं जागरूक किया जा रहा है. केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे इस योजना को सफल बनाने में जवान अपना योगदान दे रहे हैं.

Photos of Deployment/ Fam-Ex of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।